LESSON TRANSCRIPT

Advanced Audio Blog S1 #1
One Long-Lasting Indian Party

1

तमिल नाडु

तमिलनाडु राज्य भारत के सुदूर दक्षिण में स्थित है। यह अपने मनोरम नैसर्गिक सुंदरता और त्यौहारों के लिए प्रसिद्ध है|

तमिलनाडु के त्यौहार आम तौर पर कृषि कार्यों पर आधारित होते हैं। यह ग्रहों व तारों की स्थिति के अनुसार मनाए जाते है। जनवरी माह में मनाया जाने वाला पोंगल तमिलनाडु के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है| इस दिन लोग नये साल का आरंभ रंग और उमंग के साथ करते है। चार दिन के अन्तराल मनाए जाने वाला यह पर्व फसल के काटे जाने पर मनाया जाता है।

त्यौहारों के साथ साथ यहाँ का नैसर्गिक सौंदर्य भी दर्शनीय है| कन्याकुमारी , जो तमिलनाडू के दक्षिण तट में स्थित है, अपने विवेकानंद शिला और गाँधी मंडप के लिए मशहूर है| यहाँ पर अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर के संगम से तीन रंग का पानी एक ही जगह दिखाई देता है। हिंदुओं के चार पवित्र धामो में से एक रामेंश्वरम् भी यहीं कन्याकुमारी से थोड़ी ही दूर पर है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान राम ने नल और नील की सहायता से यही से लंका तक पत्थरों की सेतु का निर्माण किया था| उसी सेतु के अंश आज भी यहाँ पानी में तैरते हुए दिखाई देते है|

कोडाइकनाल, कूनोर, ऊटी, येलागिरी यहाँ के कई सुंदर पर्यटक स्थलों में से है| निलगिरी, पलानी, कोल्ली पर्वत घने जंगलों और वन्य जीवन से प्रचुर हैं| चेन्नई का मरीना बीच विश्व के सबसे लंबे समुद्र तटों में से एक है।

तमिल नाडु केवल अपने सौंदर्य के लिए ही नहीं बल्कि अपने विविध स्वादिष्ट पकवानों के लिए भी मशहूर है| रसम-चावल, अवियल, पोरियल, अप्पलम, सम्बार-चावल यहाँ के कई विशिष्ट खाद्य पधार्थों में से है जो केले के पत्तियों पर परोसे जाते है| यहाँ का हलवा और पंचामिर्थम हर एक को पसंद आता है|